बुजुर्गों की वित्तीय दुर्व्यवहार से रक्षा करें

बुजुर्गों के साथ दुर्व्यवहार को एकल, या बार-बार किए जाने वाले कार्य, या उचित कार्रवाई की कमी के रूप में परिभाषित किया जा सकता है, जो किसी भी ऐसे रिश्ते में होता है जहां विश्वास की अपेक्षा होती है जो किसी बुजुर्ग व्यक्ति को नुकसान होने या उनकी परेशानी का कारण बनती है।1 वित्तीय दुर्व्यवहार कैनेडा में बुज़ुर्गों से दुर्व्यवहार के सबसे आम रूपों में से एक है।

वित्तीय दुर्व्यवहार से अपनी रक्षा करें:

- अपनी व्यक्तिगत और वित्तीय जानकारी (पिन, पासवर्डों आदि) को सुरक्षित रखें, इस जानकारी को साझा न करें
- पैसे केवल तभी उधार दें यदि आप चाहते हैं, और आपके पास पुनर्भुगतान के लिए एक हस्ताक्षरित दस्तावेज़ हो या यदि आप इसे वापस पाने की उम्मीद नहीं करते हैं
- अपने बैंक खाते में बिलों और जमा करने के लिए स्वचालित भुगतान सेट अप करें; किसी भी असामान्य चीज़ के लिए अपने वित्तीय रिकॉर्डों की समीक्षा करें
- उन पर हस्ताक्षर करने से पहले सभी दस्तावेज़ों को समझें
- अपने वित्तीय प्रतिनिधि से बात करें और अपनी फ़ाइल में एक विश्वसनीय संपर्क व्यक्ति शामिल करें
- किसी भरोसेयोग व्यक्ति को अपनी और अपने वित्त की देखभाल करने के लिए नियुक्त करते हुए स्थायी या निरंतर पावर ऑफ अटॉर्नी बनाएँ
- परिवार, दोस्तों और अपने समुदाय के साथ जुड़े रहें

वित्तीय दुर्व्यवहार के कुछ चेतावनी संकेतों को पहचानें:

- भोजन की कमी, भुगतान ना किए हुए बिल या घर में जमा होते हुए घर खाली करने के नोटिस
- वित्तीय स्थिति, कानूनी दस्तावेज़ों पर हस्ताक्षर करने के बारे में भ्रम
- बैंक से पैसे निकाले जाने या बैंक ट्रांसफर या सामान या संपत्ति का गायब होना, जो समझाए नहीं जा सकते
- चैकों या अन्य दस्तावेज़ों पर संदिग्ध हस्ताक्षर
- बुज़ुर्ग व्यक्ति के वित्तीय मामलों का प्रबंधन करने वाला व्यक्ति टालमटोल करने वाला या असहयोगी है
- वसीयत या पावर ऑफ अटॉर्नी में अचानक परिवर्तन
- उच्च जोखिम वाले पोर्टफोलियो या निवेश जो वृद्ध निवेशक के जोखिम प्रोफ़ाइल को प्रतिबिंबित नहीं करते हैं

1 वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइज़ेशन की परिभाषा

OSC ONTARIO SECURITIES COMMISSION
Get Smarter About Money.ca

जहाँ एक प्रकार का दुर्व्यवहार होता है, वहाँ अन्य प्रकार के दुर्व्यवहार भी हो सकते हैं। यदि आपको बुजुर्ग से दुर्व्यवहार का संदेह है, तो कॉल करें:

आपकी स्थानीय पुलिस

सीनियर्स सेफ्टी लाइन (Seniors Safety Line)
1-866-299-1011

असौलटिड वीमेन्ज़ हेल्पलाइन (Assaulted Women's Helpline)
1-866-863-0511

कनेडियन ऐंटी फ्रॉड सैंटर (Canadian Anti-Fraud Centre)
1-888-495-8501

क्राइम स्टॉपर्ज़ (Crime Stoppers)
1-800-222-8477

जस्टिसनेट (JusticeNet)
1-866-919-3219

लीगल एड ओंटैरियो (Legal Aid Ontario)
1-800-668-8258

ऑफिस ऑफ द पब्लिक गार्डियन एंड ट्रस्टी (Office of the Public Guardian and Trustee)
1-800-366-0335

डाइरेक्टर, मिनिस्ट्री अव हेल्थ ऐन्ड लौंग-टर्म केयर (Director, Ministry of Health and Long-term Care)
(यदि व्यक्ति लौंग-टर्म केयर सुविधा/ नर्सिंग होम में रहता है)
1-866-434-0144

रजिस्ट्रार, रिटाइरमेंट होमज़ रेगुलेटरी अथॉरिटी (Registrar, Retirement Homes Regulatory Authority)
(यदि व्यक्ति रिटाइरमेंट होम में रहता है)
1-855-275-7472

GetSmarterAboutMoney.ca पर और जानें

Ontario Securities Commission
20 Queen St. W., 22nd Floor, Toronto, Ontario M5H 3S8
Tel: 1-877-785-1555 **Email:** inquiries@osc.gov.on.ca

OSC ONTARIO SECURITIES COMMISSION | Get Smarter About Money.ca | Ontario